तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025



11 भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर आचार्य ने दिया कर्मयोग ...





12 अग्रवाल स्टेडियम में छग रजत जयंती ...






## खबर संक्षेप

### म्यूल खाते से लेनदेन करने पर युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** म्यूल खाते में लेनदेन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र का खाताधारक आनंद विहार पोटिया चौक पदमनाभपुर निवासी आरोपी रोहित कुमार श्रीवास्तव द्वारा शाखा में खाता खुलवाकर ऑनलाइन ठगी की रकम 23310 रुपए बेईमानी व अवैध धन लाभ के लिए संपत्ति का संवर्धन कर खाते में लेनदेन किया। जो साइबर ऑनलाइन ठगी की रकम है। आरोपी के बैंक डिटेल्स मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई किया है।

### फैक्ट्री से 90 हजार का सामान हुआ पार

**भिलाई।** फैक्ट्री का ताला तोड़कर पुराने रिपेयरिंग का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि रोहणी पुरम डगनिया रायपुर निवास नवनीत अग्रवाल का एएनएम स्टील इंडस्ट्रीज प्रायवेट लिमिटेड के नाम से फैक्ट्री है। जहां जीआईतार का निर्माण होता है। विगत दो माह से प्लांट बंद है रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। जिसकी देखरेख के लिये गार्ड भी यहां रखा गया है। 31 अक्टूबर की सुबह कर्मी अश्वनी डडसेना ने पीड़ित को कॉल कर स्टोर्स रूम का ताला टूटने की जानकारी दी। फैक्ट्री के बोरियो में रखे पुराने कापर वायर मोटर पंप रिपेयरिंग से निकालकर रखा गया था। जो गायब मिला, फैक्ट्री पहुंचने पर स्टोर्स की कुंडी टूटा पड़ा मिला। बोरियों में रखे गए सारे सामान नहीं मिले। उक्त सामान 500 किलोग्राम था। जिसकी कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है।

### ट्रांसफार्मर से आयल चोरी की घटनाएं बढ़ी

**ननकट्ठी।** ननकट्ठी वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले पंप लाइन के ट्रांसफार्मर से आयल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। दीपावली के पहले दिन ही भटगांव खार में 100 केवीए और 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से आयल चोरी हो गई। लगातार हो रही चोरी से किसान परेशान है। किसानों ने आयल चोरों पर कार्रवाई की मांग की है।

### अवैध शराब जब्त युवक पकड़ाया

**पाटन।** अवैध शराब बेचने वाले को आबकारी विभाग ने दबिश देकर पकड़ा है। प्रभारी अरविंद साहू ने बताया कि गश्त के दौरान वृत-दुर्ग आंतरिक दक्षिण में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, धारण की सूचना मिली थी। टीम तुरंत ग्राम सेलूद थाना उतई में आरोपी संतराम यादव के पास से 36 पाव मशाला मदिरा जप्त किया गया। आरोपी को जेल दाखिला कराया गया है। वृत्त प्रभारी साहू ने विवेचना में लिया है। कार्रवाई में आरक्षक संतोष दुबे ,आरक्षक देव पटेल चालक धनराज मौजूद थे।

### चाकू बरामद आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** अवैध रूप से हथियार रख कर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा इंस्टाग्राम, फेसबुक पर हथियार के साथ फोटो अपलोड कर लोगों में खौफ पैदा करते थे। पिछले 4 दिनों के अंदर तकनीकी सेल ने लोगों के सोशल मिडिया, इंस्टाग्राम को खंगाला। जिसमें पतासाजी कर थाना प्रभारियों को कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। मामले में दो युवकों पर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई। वहीं थाना छावनी में 12 हथियार बरामद किए गए। नाबालिगों के पास से भी हथियार जब्त किया गया। पुलिस ने ऑन लाईन शॉपिंग प्लेटफार्म अमेजन, फिल्पकार्ट, मीसो से भी अनुरोध किया है कि हथियार जैसे चाकू, तलवार, कटटा, पिस्टल को डिलवरी से पूर्व अपने एक्स-रे मशीन से एक्स-रे करें और संदिग्ध लगने पर डिलवरी ना दे। इसके बारे में थाना परभारियों को सूचित करे। टीम द्वारा जेल से रिहा पूर्व आदतन चाकूबाज अपराधियों पर पैनी नजर रखी गई है।

योजना

### नवनिर्मित घर में गृहप्रवेश कराया गया

# पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शनिवार को ग्राम पंचायत भाठागांव आर के सरपंच रुपेश्वर यादव पंचायत सचिव व पंचो की उपस्थिति में आवास योजना के हितग्राही के नवनिर्मित घर में गृह प्रवेश कराया गया।

इस अवसर पर आवास हितग्राही परिवार को ग्राम पंचायत की ओर से बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर सरपंच रूपेश्वर कुमार यादव, रोजगार सहायक गुरुदयाल ठाकुर, पंचगण मंजू ठाकुर, भामिनि साहू, कविता साहू, धनेश्वरी ठाकुर, नागेश्वरी साहू, भुनेश्वरी देवांगन, टिकेश्वरी साहू, खुदिया यादव, राधा रात्रें, देवला ठाकुर बसंत ठाकुर व पंचायत चपरासी जगनू साहू उपस्थित थे।






### खपरी व भोथीपार में पीएम आवास के तहत बने मकान में हुआ गृहप्रवेश

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत खपरी एवं आश्रित ग्राम भोथीपार मे शनिवार को नव निर्मित पीएम आवास के तहत बने मकान मे सभी हितग्राहियो को गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष व सरपंच लेखराम साहू जनपद सीईओ निखत सुल्ताना, जांगड़े, पीओ. प्रतिज्ञा चंद्राकर, पीएम आवास समन्वयक नीलम चंद्राकर, टीए.योगिता वर्मा, जिला पंचायत बालोद से पहुंचे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। गृह प्रवेश मे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। वही ग्राम के आदिवासियो ने परम्परागत वेशभूषा धारण कर अतिथियों का स्वागत सम्मान किया और लोक गीतों और रेला–पाठा के माध्यम से नित्य करते हुए, सामूहिक गृह प्रवेश के कार्यक्रम के इस आयोजन को और मनमोहक बना दिया, सभी हितग्राहियों को पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपसरपंच पंचगण पंचायत सचिव व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# 100 पौवा देशी शराब जब्त आरोपी युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

अवैध शराब बिक्री पर नकेल कसते हुए राजहरा पुलिस ने एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी नोमेश कुमार रामटेके पिता भोला रामटेके, उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 18 दंतेश्वरी मंदिर के पास, राजहरा (जिला बालोद) को गिरफ्तार किया है।

- आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना प्रभारी दल्लीराजहरा निरीक्षक संतोष कुमार भुआर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक सफेद-हरे रंग की थैली जिसमें टी से 54 पौवा देशी प्लेन शराब तथा एक अन्य सफेद थैली जिसमें से 46 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की गई। कुल 100 पौवा देशी प्लेन शराब (लगभग 18 लीटर) जिसकी कीमत लगभग 8000 रुपये बताई जा रही है, के साथ-साथ शराब बिक्री की राशि 200 रुपये भी जप्त की गई। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ और सट्टा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# सर्पदंश से महिला की मौत परिजनों का आरोप समय पर इलाज न मिलने का से गई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

सही समय पर इलाज नहीं मिलने से बीते शनिवार को एक महिला की मौत सर्प दंश से हो गई, ग्रामीणों का कहना था कि समय रहते इलाज मिलता तो शायद जान बच सकती थी। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम चीरचार के 33 वार्षिय महिला को घर के बाड़ी में शनिवार दोपहर 12 बजे जहरीले सर्प ने काट लिया। सर्प के काटने से महिला का शोर गुल सुनकर व उसे तड़पते देख आनन फानन में उसके पड़ोसी युवक व पति समारु निषाद बाइक से पीएससी भरदाकला हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। समारु निषाद ने आरोप लगाया कि उस समय अस्पताल में ताला लगे होने के कारण सीएचसी अर्जुन्दा में एडमिट कराए। लेकिन ईलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। वही महिला के पति समारु निषाद ने रोते बिलखते हुए कहा कि समय रहते इलाज मिलता तो शायद मेरी पत्नी बच जाती, वही ग्राम भरदाकला सरपंच क्रान्ति भूषण साहू ने भी कहा कि समय पर पीएचसी खुलता नहीं है, मरीजों को इलाज के लिए झोला छाप डॉक्टरों से ईलाज करना मजबूरी बन गया है। वही क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य उत्सव में भाजपा सरकार सिर्फ सुशासन का ढोल पीट रही है, लेकिन पूरा सिस्टम ही भगवान भरोसे चल रहा है, शायद समय रहते ईलाज होता तो जान बच सकती थी।

- पीएचसी में लटका था ताला

पीएचसी भरदाकला चिकित्सक डॉ अमर वर्मा ने कहा कि राज्य उत्सव होने के अवकाश होने व एक स्टॉप नर्स का अर्जुन्दा में ड्यूटी लगने के कारण हॉस्पिटल में ताला लगा रहा।

मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी बालोद जेएल उईके ने कहा कि मामले की जानकारी लेता हुं, घटना की जानकारी मिलने पर विधायक कुंवर निषाद ने अपनी पत्नी दंतेश्वरी निषाद को चीरचार पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग किया, जिसमें पूर्व सरपंच चीर चार चुकेश्वर साहू भी उपस्थित रहे।

वहीं अर्जुन्दा थाना प्रभारी जोगेंद्र साहू ने बताया कि मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज कर पुलिस विवेचना में जुटी है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर दंपती से मारपीट, पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** पत्नी के साथ गाली गलौज करने से मना करने पर दो लोगों ने दंपती की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट व गाली गलौज करने वाले दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड क्रमांक 09 शांति नगर पंडरदल्ली राजहरा निवासी दीवेन्दु सरकार ने पुलिस को बताया कि 01 नवंबर को मैं फटाका दुकान में काम करने के लिये गया था, तब मेरा पडोसी खेमेन्द्र मंडावी फटाका दुकान में आकर मुझे बताया कि अपन्ना सरकार और उसकी मां हंसी सुत्रधार दोनो आपकी पत्नी पिंकी सरकार के साथ वाद विवाद झगडा लडाई कर रहे हैं, जानकारी पर मैं घर गया तब मेरी पत्नी रो रही थी, तब मैं मेरी पत्नी को थाना रिपार्ट करने चलो बोला, उसी समय शाम करीबन 05 बजे जयंत उर्फ भोला सुत्रधर घर से बाहर निकलो बोला तब मैं घर से बाहर निकला तभी अभिजीत सुत्रधर, जयंत उर्फ भोला सुत्रधर के द्वारा मेरी पत्नी के साथ हुए विवाद की बात को लेकर गाली गलौज करते हाथ मुक्का एवं लात घुसा से मारपीट किये है तथा मुझे जमीन में पटक दिया था जिससे मुझे सिर में चोंट लगा है।

# योग छात्रों ने शिक्षकों पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया कार्रवाई नहीं होने पर कुलपति को सौंपा स्मरण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

योग छात्रों ने राज्यपाल व कुलपति से शिक्षकों के दुर्व्यवहार की शिकायत की और जांच समिति गठित कर न्याय की मांग की। छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद स्मृति तुलनात्मक धर्म दर्शन एवं योग अध्ययनशाला के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रें ने दो माह पूर्व राज्यपाल, मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उच्च शिक्षा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, कुलपति एवं कुलसचिव महोदय को लिखित शिकायत किया है। जिसमें चार छात्रें ने आरोप लगाया है कि शिक्षकों ने दुर्भावनापुर्वक अपने पद का दुरुपयोग कर उन्हे एटीकेटी लाकर और उदाहरण प्रस्तुत करने की बात कहकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, छात्रें ने आरोप लगाया है कि उन्हे पूर्व से ही प्रताड़ित किया जा रहा था।



- न्याय न मिलने पर योग छात्र करेंगे आमरण अनशन

छात्रें ने बताया कि 11 छात्रें को आंतरिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण कर दिया गया और बाद में शेष 7 को उत्तीर्ण कर दिया गया और बाकी चार छात्रें को एटीकेटी दिया गया, छात्रें ने गंभीर आरोप लगाया है कि अर्धशासकीय कर्मचारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को जानबूझकर छात्रवृत्ति दी गई तथा अतिथि व्याख्याता द्वारा एक नियमित छात्र की छात्रवृत्ति रोक दी गई।

छात्रें ने आरोप लगाया है कि शिकायत करने के दो माह बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं किया गया, जिसके लिए कुलपति को स्मरण पत्र देकर जांच कमेटी गठित कर उचित कार्रवाई करने के लिए आग्रह किया गया। छात्रें ने कहा है कि उन्हे न्याय नहीं मिलने पर समस्त छात्र–छात्रओं द्वारा परिवार सहित भूख हड़ताल, आमरण अनशन में बैठने मजबूर होंगे। जिसका समर्थन छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ ने किया।

# पारराास रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज न बनने से जनता परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य स्थापना के 25 वर्ष हो गए पर जिला मुख्यालय की सबसे बड़ी समस्या का समाधान नही हो पा रहा है, जिसके कारण से जिले के लोगो को रेल्वे फाटक के बंद होने से आने जाने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। जिला मुख्यालय से राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर स्थित पाररास रेल्वे फाटक पर ओवर ब्रिज बनाने का सपना जिले वासियो के लिए अधूरा है, जिसके कारण से लोगों को आज भी फाटक बंद होने पर लंबा इंतजार करना पड़ता है। मुख्य मार्ग पर स्थित इस रेल्वे फाटक पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में वाहन अवागमन करते है, जिसके कारण यह मार्ग सबसे व्यस्ततम मार्गो में गिना जाता है, इस रेल्वे फाटक मे भारी अवाजाही के बीच कई बार आपातकालीन मरीजो के साथ गर्भवती महिला को ले जा रही एम्बूलेंस भी फंस चुकी है, जिसके कारण कई बार मरीजो व उनके परिजनो को दिक्कतो का सामना करना पड़ चुका है।

- मरीजों और एम्बुलेंस को झेलनी पड़ती है दिक्कत





वही इस मार्ग से सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारियो का आवागमन होता रहता है, ऐसे मे मार्ग मे कई बार सांसद, विधायक के काफिले फाटक बंद होने के कारण फंस चुके है, कुछ वर्शो पहले सांसद, विधायको द्वारा पत्र लिखकर इसके जल्द निर्माण की मांग की गई थी, लेकिन इसके बाद भी वर्तमान में निर्माण कार्य जमीनी स्तर पर ना होकर मात्र कागजो तक ही सिमित है।

वही दो वर्श पूर्व ओवर बिज निर्माण के लिए कई मशीने लाकर रेल्वे फाटक के पास जमीन की नाप करने से लेकर जमीन की जांच की गई थी, जिसके कारण आवागमन करने वालो के साथ जिले के लोगो को आस थी कि जल्द ही ओवरब्रिज निर्माण होने पर रेल्वे फाटक बंद होने की दिक्कतों का सामना नही करना पड़ेगा, लेकिन वर्तमान में उन्ही स्थितियों का सामना जिले के लोगों को करना पड़ रहा है। वही यही स्थिति अब धीरे धीरे बालोद से बघमरा मुख्य मार्ग पर स्थित रेल्वे फाटक जो पड़कीभाट बाईपास मे पड़ता है पर भी निर्मित होती जा रही है, जहां बढ़ते आवागमन के कारण फाटक बंद होने की स्थिति में राहगिरो को फाटक खुलने का लंबा इंतजार करना पड़ जाता है। ऐसे में इस मार्ग पर भी अब धीरे धीरे राहगिरो द्वारा ओवरब्रिज निर्माण की मांग होने लगी है।

### व्रतियों ने अनाज का त्याग कर कंदमूल एवं फलाहार का किया सेवन

# भगवान विष्णु के शालिग्राम रूप की विधिवत पूजा-अर्चना कर धूमधाम से मनाई एकादशी

हरिभूमि न्यूज. डौंडीलोहारा

हिंदू पंचांग के अनुसार एकादशी का दिन अत्यंत शुभ और पुण्यदायी माना जाता है। इसी परंपरा के तहत नगर एवं आसपास के ग्रामों में श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के स्वरूप शालिग्राम की विधिवत पूजा-अर्चना कर एकादशी पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया।

मंदिरों व घरों में भजन-कीर्तन, दीप आराधना और तुलसी पूजन का सिलसिला दिनभर चलता रहा। भक्तों ने स्नान-ध्यान कर भगवान विष्णु को पंचामृत स्नान, पुष्प, तुलसीदल और नैवेद्य अर्पित किया। संध्या के समय तुलसी मैया की पूजा अर्चना तथा आरती और दीपदान कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की गई। इस दिन गन्ना व कंदमूलों का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालुजन व्रत के दौरान अनाज का त्याग कर कंदमूल एवं फलाहार का सेवन करते हैं। सेमहरकंद, डांगकंद, शकरकंद और पीड़ीकंद प्रमुख रूप से उपयोग में लाए जाते हैं। एकादशी पर्व को देखते हुए बाजारों में गन्ने व कंदमूलों की भारी मांग रही। भक्तों का विश्वास है कि कंदमूल सेवन शरीर को सात्विक बनाए रखता है और व्रत की पवित्रता को कायम रखता है। गन्ने का मंडप बनाकर इस दिन पूजा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि शालिग्राम पूजा और कंदमूल सेवन से भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है।



एकादशी पर्व के समापन के साथ ही हिंदू समाज में विवाह एवं शुभ कार्यों की शुरुआत का समय भी प्रारंभ हो जाता है। परंपरानुसार देवउठनी एकादशी के बाद शादी-ब्याह, गृह प्रवेश और मांगलिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ हो जाती है। इस अवसर पर नगर और ग्रामों में श्रद्धा, आस्था एवं उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# त्रैमासिक और छमाही परीक्षा के अंक अब वार्षिक रिजल्ट में जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की दृष्टि से मूल्यांकन प्रणाली में आं शि क परिवर्तन किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

- शिक्षा गुणवत्ता के लिए मूल्यांकन प्रणाली बदली

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी, चौंथी, छटवीं एवं सातवीं की वार्षिक परीक्षा में त्रैमासिक परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत, छःमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा अर्थात त्रैमासिक का 20 प्रतिशत, छःमाही का 20 प्रतिशत एवं वार्षिक का 60 प्रतिशत मिलाकर परीक्षाफल तैयार किए जाएंगे। इसी तरह कक्षा 5वीं एवं 8वीं में वार्षिक परीक्षा में छःमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा अर्थात छःमाही का 30 प्रतिशत एवं वार्षिक का 70 प्रतिशत मिलाकर परीक्षाफल तैयार किये जाएंगे।

इसी तरह कक्षा 9वीं एवं 11वीं के लिए भी छःमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों 30 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जायेगा अर्थात छःमाही का 30 प्रतिशत, एवं वार्षिक का 70 प्रतिशत मिलाकर परीक्षाफल तैयार किये जाएंगे। इस संबंध में निर्णय हेतु छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर को पृथक से प्रस्ताव शासन द्वारा प्रेषित किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### बैंक में सम्पन्न हुई ग्राहक सेवा समिति की बैठक

**दुर्ग।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग में ग्राहक सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्य शिव चन्द्राकर, टीकाराम साहू, रमाकांत द्विवेदी, सरिता साहू, हृदेष शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एएस खान प्र अतिरिक्त मुख्य लेखापाल उपस्थित रहें। बैठक में बैंक द्वारा अपने कार्यक्षेत्र जिला बालोद, बेमेतरा, दुर्ग के शाखाओं में ग्राहकों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की समीक्षा की गई। जिसके अंतर्गत ग्राहकों के लिए शुद्ध पेयजल व्यवस्था, पर्याप्त बैठक व्यवस्था, वृद्ध अथवा विकलांग ग्राहकों के लिए व्हील चेयर, रेम्प सुविधा, पुरुष एवं महिला ग्राहकों के लिए पृथक-पृथक शौचालय सुविधाएं ग्राहकों की सुविधा हेतु नोट जमा एवं पासबुक प्रिंटर की सुविधा, शाखा कार्यालय में साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्था का समीक्षा करते हुए आवश्यक सुझाव दिया गया। साथ ही शाखा कार्यालय में आवश्यकतानुसार पंखा, कूलर एवं पार्किंग की व्यवस्था का भी सुझाव दिया गया।

### पाली परिवार ने बुआ की आंखों का किया दान

**दुर्ग।** नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य वीरेंद्र पाली एवं कांग्रेस नेता राज कुमार पाली की बुआ दुर्ग दीपक नगर निवासी चन्द्रकला रघुवंशी के निधन के पश्चात पाली परिवार ने चन्द्रकला रघुवंशी के नेत्रदान कर समाज को मिसाल दी एवं दो लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान करने में सहयोग किया। चन्द्रकला रघुवंशी कुछ समय से अस्वस्थ थी शंकराचार्य हॉस्पिटल में उनके निधन के पश्चात रोहित पाली, जितेंद्र पाली, राजकुमार पाली, भूपेंद्र पाली, विवेक पाली, योगेंद्र पाली, वीरेंद्र पाली की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुए। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, राजेश पारख, हरमन दुलई, प्रभु दयाल उजाला, शंकराचार्य हॉस्पिटल में उपस्थित रहे एवं नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग किया।

# बकाएदारों पर निगम की बड़ी कार्रवाई, नल कनेक्शन काटकर की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग ने जल कर एवं संपत्ति कर बकायादारों पर सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को नल काटने की कार्रवाई की गई। निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर तीन बड़े बकायादारों के नल कनेक्शन काटे।

वार्ड क्रमांक 3 निवासी बेल्सी बाई / गुहा राम सोनी पर 39,473, वार्ड क्रमांक 2 निवासी सुलोचना बाई / मोहन लाल श्रीवास्तव पर 46,724,तथा वार्ड क्रमांक 45 निवासी जगदीश केवलतानी / चोइथ राम पर 54,015 रूपए की बकाया राशि होने के कारण यह कार्रवाई की गई।

इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव, राजस्व उप निरीक्षक संजय मिश्रा, निशांत यादव, रामखिलावन शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक महेंद्र धर्मकार, रुपेश नायक, सिद्धांत शर्मा और विवेक सालवनकर उपस्थित रहे।

## आयुक्त के निर्देश पर सख्त हुआ राजस्व विभाग, टैक्स न देने वालों पर अब होगी कार्रवाई

### बकाया चुकाएं, नहीं तो कार्रवाई तय : निगम

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध नल कनेक्शन काटने सहित वसूली की कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम की सेवाओं का लाभ उठाने के साथ कर न देना अनुचित है, इसलिए निगम प्रशासन सख्त कदम उठाने से नहीं हिचकेगा।



### नियमित चलाया जाएगा अभियान

राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा, ताकि शहर में राजस्व वसूली को गति मिल सके और बकायादारों में जवाबदेही की भावना उत्पन्न हो। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि समय पर कर का भुगतान करें और कार्रवाई से बचें।

## आयोजन : लोकधुनों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों से गूंजा राज्य स्तरीय कला उत्सव

# राज्य स्तरीय कला उत्सव में बाल प्रतिभाओं ने छग की सांस्कृतिक धरोहर को किया प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

बच्चों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025 का आयोजन समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ विभाग द्वारा रायपुर के शासकीय शिक्षण महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में आयोजित किया गया था। उप संचालक अजय पिल्लई और कार्यक्रम की नोडल अधिकारी मुक्ति बेस मैडम, कार्यक्रम प्रभारी नीलम कुशवाहा द्वारा कार्यक्रम का 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक 4 दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित था। जिसमें विभिन्न विधाओं को अलग-अलग के दिन प्रदर्शित करना था, राज्य भर के अनेक बाल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया।

बालोद जिला नोडल मार्गदर्शन करते हुए एनुका शार्वा ने लुप्त होती पारंपरिक वाद्य यंत्र लेकर छात्रेश(मोहरी) ,पंकज(दमऊ), राहुल (ताशा)और ओमान (दफड़ा)ने देवी स्तुति, गौरी गौरा, जस गीत और राउत नाच के धुनों का प्रदर्शन किया, साथ ही साथ मंच सज्जा के लिए जोत जवारा, गौरी गौरा का भी प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार हेमंत साहू के मार्गदर्शन में चित्रकारी में हेमा राउत ने मंडला आर्ट में प्रस्तुति करते हुए ,बुद्ध के साथ विभिन्न वन्य प्राणियों को दर्शाने का प्रयास किया। राज्य स्तरीय कला उत्सव में शार्वा के मार्गदर्शन में विद्यालय के 5 बच्चों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया। राज्य स्तरीय कला उत्सव में मुख्य निर्णायक के रूप में पद्म भारतीय बंधु, रेखा जलछत्री, रमा दत्त जोशी, मनोज पटेल, रॉखी राय, जैसे दिग्गज हस्ती उपस्थित थे। यह राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु नवाचार, रचनात्मकता, कला, साहित्य को आगे लाने का प्रयास किया जाता है। जिसमें विगत 6 वर्षों से शार्वा अपने निरंतर मेहनत के परिणाम स्वरूप







बच्चों को आगे ले जा रही है। उप संचालक अजय पिल्लई के अनुसार गत वर्ष विलुप्त होती शहनाई वाद्ययंत्र को आगे लाने की बात कही गई थी। जिस पर कार्य कर छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वाद्य यंत्र शैली में गड़वा बाजा जिसमें शहनाई के साथ प्रदर्शन किया गया और उप संचालक महोदय को बालोद जिला टीम की तरफ से मंगतू बाबा में चढ़ाने जाने वाला घोड़ा भेट किया गया।

बच्चों की सफलता और एनुका शार्वा के मार्गदर्शन पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम और उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय,एसएमडीसी अध्यक्ष लिलेंद्र सिन्हा, सदस्य रवि लोढ़ा, अनिल यादव, वरिष्ठ व्याख्याता एल के ठाकुर, प्रदीप मेश्राम, आर एस देशमुख, डी आर साहू, संगीता वैदे, हेमपुष्पा नाईक,छाया नंदा, डुप्ले साहू, लवण साहू, सौरभ शर्मा, हेमंत साहू, कपिल पटेल तथा समस्त शैक्षिक स्टाफ ने शुभकामनाएं प्रेषित किये है। लगातार विकासखंड से राज्य स्तर में विद्यार्थियों को प्रतिनिधित्व करने पर ए पी सी लेखराम साहू , विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अश्विन साहू, पवन मालेकर , एस सी जांगड़े ने शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं। इसी क्रम में एनुका को सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन के अध्यक्ष संभव देवांगन, अनिल दिल्लीवार, खेमंत साहू ने शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

# विभागाध्यक्ष को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी बिदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग मानव शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल लगभग 40 वर्षों से अधिक की शासकीय सेवा के पश्चात सेवा निवृत्त हुई। उनके बिदाई के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं अतिथि प्राध्यापकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। महाविद्यालय स्टॉफ क्लब की डॉ. ज्योति धारकर ने बताया कि डॉ. संध्या अग्रवाल ने अपनी शैक्षणिक सेवा 1982 में दंतेश्वरी कन्या महाविद्यालय, जगदलपुर से आरंभ की थी। साईंस कालेज, दुर्ग में 1987 में उनकी पदस्थापना हुई। बिदाई समारोह का आरंभ डॉ. संध्या अग्रवाल को श्रीफल, शॉल, मिठाई एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया।

## जिला न्यायालय में प्लास्टिक मुक्त न्यायालय परिसर अभियान का शुभारंभ

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा राज्य भर में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और न्यायिक प्रशासन के उन्नयन के लिए किए जा रहे अनुकरणीय एवं दूरगामी प्रयासों से प्रेरित होकर जिला न्यायालय दुर्ग के कर्मचारियों ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की है। कर्मचारियों ने स्वप्रेरणा और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना से प्लास्टिक मुक्त न्यायालय परिसर अभियान का शुभारंभ किया।

यह अभियान न केवल परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए है, बल्कि यह जिला न्यायालय दुर्ग की पर्यावरण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक के हानिकारक उपयोग को समाप्त करना और न्यायालय परिसर को एक स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ कार्यस्थल बनाना है। अभियान के दौरान न्यायालय परिसर में सभी अधिवक्ताओं, पक्षकारों और कैंटीन संचालकों को प्लास्टिक के एक बार उपयोग सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले गंभीर पर्यावरणीय खतरों के बारे में विस्तार से समझाया गया। सभी हितधारकों से प्लास्टिक के थैलोंए कपोंए पानी की बोतलों और पैकिंग सामग्री का उपयोग तत्काल बंद करने की भावनात्मक अपील की गई। उन्हें कपड़े के थैलों, स्टील या कांच के बर्तनों और अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## सुबह से तेज धूप खिली, शाम को अचानक झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मानसून की बिदाई होने के बाद भी स्थानीय प्रभाव से अचानक कभी भी बारिश हो रही है। दो दिन से वैसे की बदली और बारिश की स्थिति बनी हुई है। शनिवार को सुबह मौसम खुला तो लोगों ने राहत की सांस ली। शाम को यह नजारा फिर बदल गया। अचानक आसमान पर काले बादल मंडराने लगे और सेक्टर एरिया में झमाझम बारिश हो गई। हालांकि यह बारिश महज 15 मिनट तक ही चली लेकिन वातावरण को फिर से ठंडा कर दिया।

# मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर जिला दुर्ग के कर्मचारी संगठन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।



प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता व महंगाई राहत प्राप्त नहीं हो रहा है जबकि महंगाई दर लगातार बढ़ रही है ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। वर्तमान भाजपा सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व कर्मचारियों के मंच से तथा अपने घोषणापत्र में मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी के नाम से प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र की तिथि से महंगाई भत्ता पूर्व की एरियर्स राशि सहित देने का वादा किया था। सरकार का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है किन्तु महंगाई भत्ता के लिए की गई घोषणा, चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने क्रियान्वयन तथा सातवें वेतनमान के अनुसार गृहभाड़ा भत्ता सहित अन्य भत्तों के पुनरीक्षण पर अमल नहीं किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को उम्मीद थी कि मध्यप्रदेश से बेहतर आर्थिक स्थिति होगी लेकिन 25 साल बाद भी कर्मचारियों की आर्थिक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदीप सिंह चौहान प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, मनीष तिवारी, भानुप्रताप यादव , शिव दयाल घृतलहरे, गौरीशंकर रावना, नवीन गुप्ता, आदि शामिल थे।

## अग्निवीर : शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण, 31 दिसम्बर तक



**दुर्ग।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2025-26 के लिए ऑनलाईन लिखित परीक्षा सीईई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 दिसम्बरतक संचालित रहेगा। उक्त कार्यक्रम में कुल 39 अभ्यर्थियों को विनोद नायर एनआईएस कोच, बालक दास डहरे पीटीआई सेजेस फरीदानगर दुर्ग, उमेश निर्मलकर पीटीआई सेजेस सेक्ट 6 एवं फणीश्वर साहू पीटीआई सीजी पुलिस द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में व्हीके केडिया, उपसंचालक रोजगार ईश्वर प्रसाद साहू, शिवदयाल घृतलहरे, दुलेश्वर साहू एवं हलधर नेताम उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर महापौर व आयुक्त ने दिलाई एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर निगम हापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।



महापौर अलका बाघमार ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य यदि किसी ने किया तो वह थे सरदार वल्लभभाई पटेल। उनकी दूरदर्शिता, अदम्य साहस और राष्ट्रनिष्ठा ने भारत को सैकड़ों रियासतों से एक अखंड राष्ट्र बनाया। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने अपने कर्मों से यह सिद्ध किया कि एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। शपथ में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा दोहराई कि हम भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे और देश की एकता की भावना को हर स्तर पर सशक्त बनाने निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, आरके जैन, सहायक अभियंता प्रकाश चंद थावानी, संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, दुर्गेश गुप्ता, आरके बोरकर सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नागरिकों को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई गई

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर यूनिटी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा सरदार

- सांसद ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च (पद यात्रा) आयोजित की गई। यूनिटी मार्च कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही नगर पालिक निगम दुर्ग महापौर अलका बाघमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग सुखनंदन राठौर भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद विजय बघेल एवं महापौर अलका बाघमार एवं अन्य अतिथि द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। समस्त उपस्थित अतिथियों व नागरिकों को की आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक से रवाना किया गया। यूनिटी मार्च प्रारंभ स्थल से गांधी चौक से उतई ऑटो स्टैण्ड, गौरव पथ सुराना कॉलेज, शीतला मार्केट होते हुए जेल तिराहा से विवेकानंद सभागार में पहुंच कर समाप्त हुई। जहां अतिथियों का उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कृतिका, जनपद पंचायत दुर्ग अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवारापन, जनपद पंचायत धमधा अध्यक्ष नेमन साहू, जिला पंचायत दुर्ग पूर्व अध्यक्ष माया बेलचंदन, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, आरआई पुलिस लाईन दुर्ग नीलकंठ वर्मा, थाना प्रभारी पद्मनाभपुर राजकुमार लहरे उपस्थित थे।

### पद यात्रा में ये रहे शामिल

जिले के स्कूल छात्राओं, व्यायाम निर्देशकों, एनसीसी, स्काउट गाईड, रेडक्रास, प्रशिक्षकों, खेल संघ के पदाधिकारी, राष्ट्रीय, राज्य स्तर के खिलाड़ियों, कार्यकर्तागणों एवं नागरिकों ने भाग लिया। उपर्युक्त आयोजन में यातायात पुलिस द्वारा सुचारु यातायात व्यवस्था एवं नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा पेयजल व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सक एवं एम्बुलेस व्यवस्था की सेवाएं उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में तनवीर अकोल, भूपेन्द्र कुमार हिरवानी, भरत ताम्रकार ईश्वरी देशमुख, सुजित यादव महेश यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा तथा खिलेन्द्र कुमार साहू, प्रदीप मुवाल एवं ममता ध्रुव द्वारा किया गया।

## विद्युत कर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्यालय परिसर में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ली गई। इस अवसर पर दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंतासंजय खंडेलवाल द्वारा विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई गई। पॉवर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित कर देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने एवं अपने देश की एकता की भावना लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों को आत्मसात कर अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक वित्त एवं लेखा, वाय कोसरिया, अनसुईया ठाकुर एवं दुर्गेश नंदिनी देवांगन, डीके डुम्भरे एवं संतोष साहू सहित मुख्यालय परिसर स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

## विभिन्न स्पर्धाओं का किया आयोजन

**दुर्ग।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जंयती राष्ट्रीय एकता दिवस पर चीचा के शा पूर्व माध्य शाला में चित्रकला प्रतियोगिता, लौहपुरुष पर बच्चों ने अपने विचार रखे। साथ ही ऊर्जा संरक्षण पर भी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 6वीं, 7वी स्तर से प्रथम स्थान आस्था कुर्रे, द्वितीय स्थान जिगर वर्म,ा आठवीं स्तर से प्रथम योगिता वर्मा, द्वितीय चंदन विश्वकर्मा रहे। निर्णायक बन्दे मैडम, जंघेल मैडम, देशमुख मैडम रहे। शपथग्रहण श्री बघेल द्वारा दिलाया गया। साथ में श्री हुमने, श्री सार्वे, श्री देशमुख उपस्थित रहे।

# दसवी-बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी, 36 स्पेशलिस्ट टीचरों ने बनाया प्रश्न बैंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दसवीं व बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी अभी से शुरू हो गई है। जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड का रिजल्ट बेहतर आए इसके लिए जुट गई है। 36 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की एक टीम बनाई है।

यह टीम बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न बैंक तैयार किया है। इस प्रश्न बैंक को हर स्कूलों में भेजा जाएगा और इसी पर केंद्रित आगे की पढ़ाई होगी। यानी प्रश्न बैंक पर फोकस पढ़ाई से विद्यार्थियों को कम समय में ज्यादा तैयारी करने का अवसर मिलेगा।

**ब्लू प्रिंट के हिसाब से तैयार किया गया है प्रश्न बैंक :** दसवी और बारहवीं बोर्ड के प्रश्न बैंक स्पेशलिस्ट टीचरों ने ब्लू प्रिंट के हिसाब से तैयार किए हैं। इससे विद्यार्थियों को यह सुविधा होगी कि वे निर्धारित अंकों के हिसाब से सवाल का हल लिखेंगे। यानी यदि 2 नंबर का सवाल बोर्ड परीक्षा में पूछे गए हैं तो उसका उत्तर कितने शब्दों तक लिखना है यह विद्यार्थियों को बताया जाएगा। कई विद्यार्थी कम नंबर के सवाल के बड़े-बड़े उत्तर लिख देते हैं जिसकी वजह से उनका समय बर्बाद हो जाता है और आखिरी समय में कुछ सवाल की छोड़ कर चले आते हैं। इसी तरह यदि कोई सवाल 5 अंक का है तो उसे कितने शब्दों का देना है।

## हर स्कूलों में बांटे जाएंगे प्रश्न बैंक, इसी से होगी अब आगे की पढ़ाई

### 28 हजार 201 विद्यार्थियों की प्री बोर्ड की तैयारी

जिला शिक्षा विभाग दुर्ग जिले के दसवी और बारहवीं बोर्ड में अध्ययनरत 28 हजार 201 विद्यार्थियों को प्री बोर्ड के दायरे में लिया है। ये विद्यार्थी 179 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल में पढ़ रहे हैं। इन विद्यार्थियों में से जो विद्यार्थी प्री बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाएंगे उनके लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जा रही है जिससे वे राज्य स्तर पर मेरिट में स्थान बना सके। वहीं जो बच्चे कमजोर निकलेंगे उन्हे कम से कम उत्तीर्ण हो जाए ऐसी योजना विभाग बना रही है।

### इस बार 11 वीं क्लास व बोर्ड की अर्धवार्षिक परीक्षा एक साथ

जिला शिक्षा विभाग दसवी-बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा के पूर्व छिमाही परीक्षा भी लेगा। छिमाही परीक्षा इस बार 11 वीं के विद्यार्थियों की भी दसवी और बारहवीं बोर्ड के साथ होगी। जिससे 11 वीं कक्षा के विद्यार्थियों की पढ़ाई की स्थिति का पता चल सकेगा और इसी हिसाब से उनकी भी तैयारी करवाई जाएगी। 11वी के ही विद्यार्थी अगले साल बारहवीं बोर्ड की परीक्षा देंगे। इसलिए अभी से उन्हे भी बोर्ड परीक्षा के हिसाब से मानसिक रूप से तैयार करना जिला शिक्षा विभाग का मकसद है।

### इसी महीने बंटेगी सभी स्कूलों में प्रश्न बैंक

प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी जिला शिक्षा विभाग अभी से करना प्रारंभ कर दिया है। इसलिए सभी सरकारी हाई व हायर सेकंडरी स्कूल में प्रश्न बैंक इसी महीने नवंबर से वितरित की जाएगी। जिससे स्कूलों के सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों की पढ़ाई करवाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। जिला शिक्षा विभाग इस तैयारी की मानिटरिंग भी करेगा और बीच-बीच में समीक्षा बैठक लेकर इसकी प्रगति की जानकारी भी ली जाएगी।

### प्रश्न बैंक तैयार

दसवी और बारहवीं बोर्ड विद्यार्थियों की प्री बोर्ड परीक्षा ली जाएगी। हमने इसकी तैयारी कर ली है। प्रारंभिक तैयारी में प्रश्न बैंक तैयार करवा लिया है। एक्सपर्ट सब्जेक्ट टीचरों की टीम ने इसे तैयार किया है। प्रश्न बैंक का वितरण सभी हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में इसी महीने करवा रहे हैं ताकि तैयारी अभी से हो।

**-अरविंद कुमार मिश्रा**
डीईओ दुर्ग जिला

## खबर संक्षेप

### अमित को बांकीपुर विस में चुनाव प्रचार का मिला जिम्मा

**भिलाई।** भाजयुमो भिलाई जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा को बिहार विधानसभा चुनाव में बांकीपुर विधानसभा का प्रभार मिला है। बता दें कि



छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी व बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन यहां से लगातार विधायक रहे है और वर्तमान में प्रत्याशी है। उल्लेखनीय है कि भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय टीम द्वारा आयोजित बिहार चुनाव प्रवासी कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली में बैठक 11 सितंबर को हुई थी। इसमें बिहार चुनाव प्रवासी कार्यकर्ता के नाते भिलाई से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा सम्मिलित हुए थे। उन्हें बांकीपुर विधानसभा में युवा मोर्चा के कार्यक्रम युवा चौपाल को कराने, बूथों में घर-घर संपर्क कर वोटर पर्ची पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। वे जक्कनपुर मंडल के बूथ स्तर पर कार्य के साथ-साथ बांकीपुर विधानसभा के युवा मोर्चा के साथियों के साथ कार्य कर रहे है।

### पशुओ को खुला छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**भिलाई।** नेशनल हाईवे नेहरू नगर चौंक से पावर हाउस चौक तक रोड बाधित करने वाले पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बेदखली प्रभारी विनय शर्मा अपने दल के साथ पशुओं को पकड़ने का कार्य कर रहे हैं। पकड़े गये पशुओं को कोसानाला गौठान में रखा जा रहा है। जहां उनके खाने के लिए हरा चारा, पानी की व्यवस्था किया गया है।

### भिलाई वरिष्ठ नागिरक महासंघ चुनाव खारिज

**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागिरक महासंघ द्वारा विगत 27 जुलाई को हुए चुनाव को खारिज कर दिया गया है। महासचिव गजानंद साहू ने बताया कि चतुर्थ प्रबंधकारिणी के लिए तीन वर्षीय कार्यकाल हेतु चुनाव कराया गया था।

## निधन

### गोरेलाल शर्मा



**बालोद।** वार्ड 19 बजरंग नगर बालोद निवासी ब्राम्हण समाज बालोद के सदस्य एवं मार्गदर्शक, सेवा निवृत शिक्षक पैरी, पंडित गोरेलाल शर्मा 74 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शहर के मुक्तिधाम मे किया गया। वे विकास शर्मा के पिताजी थे।

## प्रवचन : श्रीकृष्ण जन्म व बाल लीलाओं की कथा सुनकर भक्त हुए भावविभोर

# आचार्य निरंजन महाराज ने कराया कृष्ण जन्म व माखन चोरी की कथाओं का श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद





ग्राम बेलमांड में पंडित चंद्रिका प्रसाद दुबे एवं परिवार द्वारा आयोजित भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिवस भागवत आश्रम लिमतरा आचार्य निरंजन महाराज द्वारा आज कृष्ण जन्म, बाल लीला एवं माखन चोरी की कथा का श्रवण भक्तों को कराया गया।

श्रोताओ को भागवताचार्य ने स्वरचित भजनों एवं सोहर गीत सुनाकर आनंद से नृत्य करने पर विवस किया। जब से कंस ने आकाशवाणी द्वारा यह सुना की देवकी के आठवीं संतान से मेरी मृत्यु होगी। कंस अपनी बहन देवकी को मार देना चाहता था। बाबा वासुदेव ने कंस को विश्वास दिलाया कि मैं सभी पुत्रें को जन्म होते ही सौप दूंगा। फिर भी देवकी और वासुदेव के हाथ पैरों में बेड़ियां और हथकड़ी डालकर मथुरा के कारागार में बंद कर दिया था।

माता देवकी एवं वासुदेव जी का पूरा जीवन कारागार में ही व्यतीत हुआ। माता देवकी का जीवन साधक की तरह स्थित प्रज्ञ, मौन बीत रहा था। अपने वचनों के अनुसार वसुदेव ने अपने छह पुत्रें को कंस को सौप चुका था कंस में दया का भाव नहीं था वह प्रत्येक पुत्र को मृत्यु के भय से मार देता था। भगवान ने अपने योग माया को बुलाकर देवकी के सातवें गर्भ को रोहिणी के गर्भ में स्थापित कराय। इनके गर्भ से हजार फन वाले शेषनाग का जन्म हुआ। उसका नाम संकर्षण पड़ा। संसार में कृष्ण के बड़े भाई बलराम के रूप में जाने जाते है। आज तो कलयुग में कंस के परिवार के लोगों द्वारा से गर्भ में ही भ्रूण की हत्या कर दी जाती हैं। इसलिए हमारे देश में पुरुष स्त्री का अनुपात धीरे–धीरे घट रहा है। जिस दिन से कंस ने आकाशवाणी की बात सुनी थी तब से कंस भयभीत रहता था। उसके मन की चित्त वृति में बैर भाव का निरोध हो गया था, उसे प्रत्येक कार्य में कृष्ण ही कृष्ण दिखाई देता था। व्यवहार जगत में व्यक्ति अपने बैरी को कभी भूलता नहीं, स्मृति बनी ही रहती है।

वैसे ही कृष्ण की स्मृति बने रहने से कंस को मुक्ति प्राप्त हो गई। आठवीं पुत्र के रूप में देवकी के गर्भ से कृष्ण का जन्म हुआ। शोभन योग भाद्र मास अर्थात कल्याणकारी मास, अष्टमी की मध्य रात्रि, रोहिणी नक्षत्र, साधक के जीवन में आत्मानूभूति में आनंद का अनुभव होता है वैसे ही देवकी को अनुभूति हुई और कृष्ण का जन्म हुआ। भगवान के निर्देशानुसार वासुदेव जी कृष्ण को गोकुल लेकर गए और यशोदा के महल से कन्या को लेकर पुनः वापस कारागार में आ जाते हैं और भगवान की बाल लीलाएं शुरू हो जाती हैं भक्तों ने कृष्ण जन्मोत्सव खूब आनंद लिया। द्वितीय पहर में कृष्ण की माखन चोरी की लीला तथा पुतना वध की कथा सुनाई गई।

# तहसील साहू समाज का चुनाव संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर







तहसील साहू समाज चुनाव 31 अक्टूबर को संपन्न हुआ। जिसमें प्रचंड बहुमत से गातापार निवासी लालेश्वर साहू, पाटन तहसील साहू समाज के अध्यक्ष चुने गए चंद दिनों पूर्व परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहारी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें गातापार के टेसराम साहू पुनः परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहारी का अध्यक्ष निर्वाचित हुए और परिक्षेत्रीय साहू समाज बेलहारी का उपाध्यक्ष लता साहू गातापार निवासी ही निर्वाचित हुई। विदित हो कि तहसील स्तरीय चुनाव में लालेश्वर साहू की नेतृत्व वाली सामाजिक एकता पैनल के सभी सदस्य निर्वाचित हुए। गातापार में अभूतपूर्व हर्ष की लहर छाई। सबने एक दूसरे को दी बधाई गले मिले मनाई खुशियां।

राजनीति में समाज की भूमिका नकारना बेमानी है आम तौर पर सामाजिक चुनाव में कहा जाता है कि राजनीति से परे समाज का चुनाव संपन्न होता है जो सही है क्योंकि इसमें कोई सिम्बोल नहीं होता लेकिन समाज की बहुलता के आधार पर राजनीति नेता बनने का अवसर राजनीति पटल पर देखते है। पाटन तहसील के बटरेल में निवासरत डॉ दयाराम साहू को विधायक और इनकी धर्म पत्नी रमशिला साहू को छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री बनने का अवसर मिला। इसमें साहू समाज की भूमिका से नकारा नहीं जा सकता।

साहू समाज के सभी पदाधिकारी को राजनीति में अच्छी मुकाम मिल जाती है ऐसा नहीं कहा जा सकता है। राजनीति पंडित कहते है राज योग होने पर ही राजनीति में अच्छी सी मुकाम मिल पाती है।लेकिन प्रयास करने का अधिकार तो सभी का होता है। आध्यात्म दृष्टि से देखे तो पंडित कहते है कर्म प्रधान है अतीत में किए गए अच्छे कर्म का फल अच्छी मुकाम दिलाने में सहायक बनती है। सबका संकेत साफ है सेवा अच्छा करे फल अच्छा आयेगा।

### गातापार समीप हेलीपैड

गातापार ग्रामपंचायत है जिसका आश्रित ग्राम उमर पोटी है लेकिन इस ग्राम की गरिमामय इतिहास बनाने में पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयंती साहू गातापार निवासी निर्वाचित रही। 37 वर्षो तक सीआईएसएफ में सेवा देने के बाद एएसआई पद पर रिटायर हुए रेवाराम साहू वर्तमान में गातापार के सरपंच है। इस गांव तक सुविधाजनक ढंग से आना जाना हो सके इसका ध्यान रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गातापार के समीप में हैलीपेड का निर्माण कराए। जो गांव की गरिमामय इतिहास को साइनिंग देती है।

## विधायक संगीता देवउठनी पर्व पर गुरूर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा विधानसभा क्षेत्र के गृह नगर गुरुर में महिला गौरा गौरी समिति बाजार चौक के तत्वाधान में देवउठनी के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्यथिति के रूप में शामिल हुई। इस दौरान नगर पंचायत गुरूर की पूर्व अध्यक्ष महिला साहू भी उपस्थित थी।

## यज्ञदत्त शर्मा बने लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष, मिला राज्य मंत्री का दर्जा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुन्दा

छत्तीसगढ़ सरकार में बालोद जिले को बीते 29 तारीख को महत्वपूर्ण स्थान मिला। बालोद के कद्दावर नेता यज्ञदत्त शर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ का उपाध्यक्ष नियुक्त कर बड़ी जवाबदारी देते हुए उन्हें सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्रदान किया गया। रविवार को जिले के वरिष्ठ नेता नरेश यदु, भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के साथ श्री शर्मा के निवास पहुंच गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। नरेश यदु व भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने कहा कि यज्ञदत्त शर्मा जिले के गांव गांव में भाजपा को स्थापित करने वालो में गिने जाते है। उनके संघर्ष और कार्यक्षमता को देखते हुए जो जवाबदारी छत्तीसगढ़ सरकार में मिली है।

यह सिर्फ भारतीय जनता पाटऍ जिला बालोद ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। कई वर्षों से लगातार लघु वनोपज के क्षेत्र में बहुत तनमयता के साथ काम करने वाले यज्ञदत्त शर्मा जी के अनुभव का लाभ बस्तर से लेकर सरगुजा तक लघु वनोपज से संबंधित एक एक परिवार को मिलेगा।

## भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर आचार्य ने दिया कर्मयोग का संदेश





**जामगांव आर।** लूणी बाई केला फ्रंट परिसर जामगांव आर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस रविवार को भागवत आचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने श्री कृष्ण की बाल लीला दही लुट 56 भोग रास प्रसंग की जीवंत झांकी सहित मंत्र मुग्ध संसगीत व्याख्यान किए। भक्त मुग्ध विभोर होकर झूमते रहे। मीठालाल, चंपालाल, बद्रीनारायण, राजू सुभाष, रमेश, सागर, प्रकाश, हर्ष, उज्ज्वल केला ने आगंतुकों के लिए सराहनीय सुप्रबंध किए। जगदलपुर, कांकेर, कोरर, भानुप्रतापपुर, गुण्डरदेही, बेलहारी, जामगांव आर, भरर आदि स्थानों के भागवत भक्तों ने आचार्य श्री का स्वागत किए। मातृशक्ति ने एक सा परिधान धारण कर समूह में भागवत भगवान की भक्ति किए।

**भारत माता की जय की बोल कर्म में दिखना चाहिए:** आचार्य श्री ने कहा कि आपकी उन्नति प्रगति में जन्म भूमि और कर्म भूमि की विशेष योगदान होती है। जन्म भूमि और कर्म भूमि के विकास में महती भूमिका निभाना चाहिए। केवल स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर केवल भारत माता की जय बोल देने से काम नहीं चलेगा। भारत माता को परम वैभव दिलाने यथायोग्य कर्तव्य निर्वहन करना चाहिए। भारतीय संस्कृति संस्कार पर्यावरण स्वच्छता भाईचारा आदि सभी आयामों में स्व स्फूर्त सकारात्मक भूमिका निभाना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान दिवस के रूप मे मनाया गया राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ



**जामुल।** छत्तीसगढ राज्य की 25 वीं वर्षगांठ रजत जयंती के अवसर पर रावणभाठा जामुल में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान दिवस के रूप मे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी की आरती, पूजा-पाठ और माल्यार्पण कर अरपा पैरी के धार से हुई। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर ने कहा कि विगत दिनों राजधानी में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को खण्डित कर अपमानित करना, छत्तीसगढ़ के धर्म प्रवर्तक पूज्य गुरु घांसी दास बाबा पर अभद्र टिप्पणी हमारी आस्था, संस्कृति, परम्परा और गौरव के प्रतीक पर हमला है। इसका कांग्रेसजन घोर निंदा करते हैं। कार्यक्रम में करीम खान महामंत्री दुर्ग जिला ग्रामीण, सुनीता चन्नेवार उपाध्यक्ष नगर पालिका जामुल, सरोजनी चन्द्राकर पूर्व नपाप अध्यक्ष जामुल, पूर्व एल्डरमैन मन्नुलाल यादव, मधुसूदन हिरवानी वरिष्ठ कांग्रेसी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर वे आभार प्रदर्शन सुमन वर्मा ने किया।

## निरोग रहने आंवले वृक्ष की पूजा कर छांव में बैठकर किया भोज, लिया आशीर्वाद

**भिलाई।** आंवला नवमी के अवसर पर सभी स्थानों में विधिविधान और भक्तिभाव के साथ आंवले वृक्ष की पूजा की गई और उसकी छांव में बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस दौरान महिलाओं ने आंवला वृक्ष की कच्चे सूत को बांधकर विधिवत पूजा-अर्चना कर परिक्रमा की। परंपरानुसार धन, वैभव और उत्तम स्वाथ्य के लिए जिमी कांदा की सब्जी का भोग लगाकर परिवार सहित लोगों ने आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर वनभोज किया। उद्यानों में सनातनियों की काफी भीड़ जुटी दिखाई दी। इस दौरान सभी परिवार सहित गार्डन में और आवंले वृक्ष के नीचे भोजन कर पिकनिक मनाने का आनंद भी लिया। सभी गार्डन जहां भी आंवला वृक्ष है वहां काफी हलचल दिखाई दी।

### प्रधानमंत्री मोदी से मिले शिक्षा मंत्री गजेन्द्र कहा : यह उत्सव नहीं विकास की शुरुआत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रायपुर आगमन हुआ। शिक्षा, ग्रामोद्योग और विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने रायपुर विमानतल में उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर वे रायपुर में विभिन्न कार्यक्रम में शामिल भी रहे। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ अपने स्थापना के 25 साल पूरे कर रहा है। रजत महोत्सव का ये पर्व सिर्फ उत्सव नहीं, विकास की नई शरुआत है। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रदेशवासियों को 1 नवम्बर राज्य उत्सव की शुभकामना देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं 25 वें छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनिर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का उद्घाटन किये।









## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर धर्मनगरी स्थित तहसील कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने जय छत्तीसगढ़ महतारी के जयघोष के साथ प्रसाद वितरण कर राज्य गौरव दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया। जिसमें उपस्थित मयंक डोंगरे, कुश मालेकर , विक्रांत सिंह ठाकुर, उमंग ताम्रकार, सुमांशु गजेंद्र ,आदित्य विश्वकर्मा, हिमांशु मेश्राम, रोशन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों के लिए लाखों की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत छुरिया विकासखंड के तीन ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 15 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम भोलापुर के वार्ड नंबर 2 में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 3 लाख रुपए, ग्राम हालेकोसा में पूर्व माध्यमिक शाला के कलामंच में शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपए एवं ग्राम भण्डारपुर में शीतला मंदिर के पास वार्ड क्रमांक 4 शेड निर्माण कार्य के लिए 7 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

### कलेक्टर ने किया मासिक निरीक्षण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट स्थित ईवीएम वेयर हाऊस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाऊस में मौजूद ईव्हीएम एवं वीवीपैट का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अंकित चौहान एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली गई शपथ

**राजनांदगांव।** शासन द्वारा 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए थे। निर्देश के अनुक्रम में 31 अक्टूबर को नगर निगम सभागृह में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। निगम सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में 31 अक्टूबर को आयुक्त विश्वकर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने स्वयं को समर्पित करने और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का संकल्प लिया गया। साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा दूरदर्शिता व देश के लिए किए कार्यों को देश की एकता की भावना समझकर अपने देश की आंतरिक सुरक्षा व सुनिश्चित करने अपना योगदान देने सत्यनिष्ठा से संकल्प लिया गया।

# पीएम आवास योजनाः 1526 हितग्राहियों का हुआ सामूहिक गृहप्रवेश

## प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हितग्राहियों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। गुरूर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 1526 आवास का सामूहिक गृह प्रवेश उत्सव कराया गया। ब्लॉक स्तरीय ग्राम दर्रा के आश्रित गांव दियाबाती मे 15 परिवार का गृह प्रवेश उत्सव सम्पन्न हुआ। कच्चा घर से पक्का मक्रवेश होकर हितग्राही गदगद हुआ।

विकासखण्ड गुरूर अंतर्गत 01 नवंबर को ग्राम पंचायत दर्रा मे ब्लॉक स्तरीय गृह प्रवेश उत्सव बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, हितग्राही अपने पुराने घर से नया घर की चाबी पाकर बहुत ज्यादा खुश है, सामूहिक रूप से 15 परिवार को गृह प्रवेश कराया गया। जिसमे गांव के गणमान्य एवं वृद्ध जन, जनप्रतिनिधि गण, समस्त ग्राम वासी के सहयोग से वृहद स्तर पर गृह प्रवेश का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, विशेष तौर पर देखा जाये तो पुरे गुरूर विकास खंड के 77 पंचायतों में कुल 1526 हितग्राही का गृह प्रवेश उत्सव आदरणीय प्रधानमंत्री मंत्री जी के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से एवं सांकेतिक रूप से सम्पन्न हुआ।

अपने इस सपनों के अशियाने पक्के आवास की चाबी को पाकर सभी परिवार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं देश के प्रधानमंत्री को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित क्रर रहे है साथ मे जनपद पंचायत अधिकारी कर्मचारी एवं ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक के सहयोग के लिए भी धन्यवाद हितग्राहियो द्वारा दिया जा रहा है।






### ये रहे मौजूद

जनपद पंचायत स्तर पर योजना के सफल सामूहिक गृह प्रवेश संचालन में जनपद सीईओ उमेश रात्रे के नेतृत्व में विशेष योगदान रहा है। उन्होंने सभी पंचायतो मे सामूहिक गृह प्रवेश सम्पन्न करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया। जिसमें अति. सीईओ, एडीईओ, सहायक करारोपण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, एसडीओ (आरईएस), उपअभियंता, तकनीकी सहायक आवास, मनरेगा साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक की अहम भूमिका रही।

## आयोजन

**दीप प्रज्वलन कर राज्योत्सव समारोह का शुभारंभ, विधायक डोमनलाल ने किए**

# अग्रवाल स्टेडियम में छग रजत जयंती उत्सव की धूम





हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में जिला स्तरीय राज्य उत्सव समारोह का भव्य रंगारंग कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राज्य अनुसूचित जाति प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ। उन्होने विभिन्न विभागों के स्टालों में लगाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन किया व हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं चेक प्रदान किया। डोमन लाल कोर्सेवाडा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25वें वर्ष के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आज 2 नवंबर को आयोजित रजत राज्योत्सव समारोह का भव्य एवं रंगारंग शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कोर्सेवाडा ने ज्ञान दायिनी मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर श्री कोर्सेवाडा ने 25 वर्ष के अवधि के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में हुए विकास कार्यों को अत्यंत अभूतपूर्ण बताते हुए वर्तमान केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यों की जानकारी दी। समारोह में संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा, राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्षयज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर पालिका उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं केसी पवार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, वन मंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र–छात्राएं आम नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर स्थानीय लोक कलाकारों एवं विद्याणथयों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के अपने 25 वर्ष के सफर में विभिन्न क्षेत्रें में उल्लेखनीय कार्य करते हुए प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के नव निर्माण हेतु किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा, राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, चेमन देशमुख ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

■ विकास कार्यों की झलक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा मंच




## ग्रामीण साहू समाज ने तहसील साहू संघ उपाध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की



हरिभूमि न्यूज ▸▸। डौंडीलोहारा

तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के त्रैवार्षिक चुनाव उपरांत ग्रामीण साहू समाज फरदडीह के पदाधिकारियों व सदस्यों ने तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष द्वय शिवेन्द्र बहादुर साहू और लोकेश्वरी गोपी साहू से सौजन्य मुलाकात की, साथ ही त्रैवार्षिक सामाजिक चुनाव में विजयी होने पर दोनों पदाधिकारियों को गुलाल लगाकर व मुंह मीठा करा कर बधाई दी। इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज फरदडीह के पदाधिकारी अध्यक्ष खूबलाल साहू, सचिव चिमन लाल साहू, उपाध्यक्ष सालिक साहू, उपाध्यक्ष सविता साहू, संगठन सचिव यादव राम साहू, पार्वती साहू, कुशल प्रसाद, नीरज कुमार साहू, पिरित साहू, चेतन साहू,मनिराम साहू, दया राम साहू, कृष्णा राम साहू, अरविंद साहू, टीकाराम साहू, आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी गोपी नारायण साहू ने दी।

### ग्राम पटेल संघ चुनाव संपन्न



**गुरूर।** ग्राम पटेल संघ गुरुर का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें संरक्षक केवल सिंह चंदेल, कीर्तन राम साहू, अध्यक्षत रामचंद्र साहू, उपाध्यक्ष विजयेंद्र ध्रुव, सचिव रामचरण सिंहा, सहसचिव समेलाल सिंहा, कोषाध्यक्ष सूरज राम लावत्रे, संगठन मंत्री हिंछ राम साहू, प्रचार मंत्री शिवलाल शाहू, मीडिया प्रभारी कमल सिंह साहू चुने गए। इस बीच अन्य कार्यकारिणी सदस्य भगोली रम साहू, गरीबा राम साहू, पदुप निषाद, सेवक राम साहू, अशोक साहू, भूपेंद्र गंजीर, बावा लाल बंजारे, कुश राम साहू, लतखोर सिंहा, जीवराखन सिंहा, नील कंठ साहू, केशव साहू उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस कार्यक्रम हुआ




हरिभूमि न्यूज ▸▸। डौंडीलोहारा

विगत दिनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विद्यार्थियों के लिए करियर से जुड़े समस्या के समाधान हेतु करियर गाइडेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य आर के देवांगन ने सभी विद्यार्थियों के लिए 12वीं के बाद किया जा सकने वाले नौकरियों के बारे में विस्तार से बताए। उन्होंने विद्यार्थियों के करियर से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के जवाब देते हुए बताया कि आप किसी भी विषय के हो पर 12वीं के बाद आप पटवारी, पुलिस, एसएससी, एनडीए, ड्राइवर, चपरासी, स्टेनोग्राफर, सहायक शिक्षक, रेलवे के ग्रुप डी के पोर्टर, हेल्पर, असिस्टेंट पॉइंट्स मैन के कार्य कर सकते हैं और यदि आप अध्ययन जारी रखना चाहते हैं तो आईटीआई, इंटीरियर डेकोरेटर, फैशन डिजाइनर, एनीमेशन, संगीत, कला, कानून, पत्रकारिता, होटल प्रबंधन, मनोविज्ञान का अध्ययन कर अपने जीवन को सफल बना सकते हैं।

इसमें सबसे ज्यादा जरूरी आपकी रुचि है। वाणिज्य विषय की व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने वाणिज्य विषय में 12वीं के बाद किए जाने वाले अध्ययन के बारे में बताते हुए कहा कि यदि आप में लगन हो तो आप सामान्य अकाउंटिंग से लेकर मैनेजमेंट के पदों पर जा सकते हैं।

आप कक्षा 12वीं के बाद बीकॉम, चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी, व्यावसायिक प्रबंधन, बीकॉम-एलएलबी, वित्तीय योजनाकार के रूप में अध्ययन जारी रख सकते हैं। कार्यक्रम के प्रभारी अजय पाठक ने संचालन करते हुए कहा कि पीसीएम के विद्यार्थी बीएससी, इंजीनियरिंग, वास्तुकला, प्लास्टिक उद्योग, बीसीए, पायलट, के कोर्स के लिए कॉलेज में प्रवेश लेकर अध्ययन कर सकते हैं तथा पीसीबी के विद्यार्थी नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में चयनित हो सकते हैं। इसके अलावा बीडीएस होम्योपैथी, आयुर्वेदिक चिकित्सा, बी. फार्मेसी, फिजियोथैरेपिस्ट, यूनानी चिकित्सा, शल्य चिकित्सा, माइक्रोबायोलॉजी, कीट विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, नर्सिंग, फॉरेनसिक विज्ञान, पैरामेडिकल आदि में अपना करियर बना सकते हैं। आगे उन्होंने बताया कि कला के विद्यार्थी बीए, बीए - एलएलबी, बी एड, पत्रकारिता, फैशन डिजाइनिंग, होटल मैनेजमेंट, ग्राफिक डिजाइनर, इवेंट मैनेजमेंट, सामाजिक कार्यकर्ता, जनसंपर्क विशेषज्ञ, संपादक के रूप में अध्ययन जारी रख सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू के साथ विद्यालय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

■ कला वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पत्रकारिता, फैशन डिजाइनिंग और सामाजिक कार्य जैसे विकल्पों पर हुई चर्चा

**सेवा,संस्कार और समर्पण से पूर्ण रहा कार्यकाल**

# सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को दी गई भावभीनी विदाई





हरिभूमि न्यूज ▸▸। डौंडीलोहारा

प्राथमिक शाला कसही (लो) में कार्यरत रहीं प्रधान पाठक शैलेन्द्र कुमारी साहू को सेवानिवृत्ति उपरांत विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा ससम्मान विदाई दी गई।

साहू ने अपने 17 वर्षों के कार्यकाल में शाला के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन विजय पटेल, प्रधान पाठक सहगांव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ए. आर. खरे, अध्यक्ष, शिक्षक-पालक समिति ने की, जबकि मुख्य अतिथि स्वयं शैलेन्द्र कुमारी साहू रहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में घनश्याम कुंजाम, महावीर साहू, रोहित चंदनमलागर, मालती यादव, शीतल कुलदीप, चित्रलेखा साहू, उपसरपंच नरेंद्र साहू, पंचायत प्रतिनिधि यशवंत साहू, पी. आर. साहू , सी.एस.एस.सी. मोहित भौसार्य, समाजसेवी डॉ. धर्मेन्द्र साहू तथा भूतपूर्व सैनिक योगेश देवांगन उपस्थित रहे। इस अवसर पर भारत माता वाहिनी अध्यक्ष सुकवारो बाई, पंच माधुरी मंडावी, बिसाहिन बाई, बनिहारिन मंडावी, मीना कुंजाम सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर उनके सेवाभाव और समर्पण की सराहना की। अपने उद्बोधन में शैलेन्द्र कुमारी साहू ने कहा कि विद्यालय मेरे जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। बच्चों के साथ बिताए हर पल ने मुझे नई ऊर्जा दी। शिक्षा ही समाज को दिशा देती है, यह विश्वास मैं हमेशा अपने साथ लेकर जा रही हूँ। आप सबका स्नेह और सहयोग मेरे लिए अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम के अंत में ग्रामवासियों व सहकर्मियों ने साहू को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी।

### बढ़ी हुई बिजली दरों के खिलाफ प्रदर्शन 4 को

**राजनांदगांव।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री उत्तम जायसवाल के राजनांदगांव में प्रथम आगमन पर लोकसभा व जिला समिति के सभी पदाधिकारियों ने उनका भव्यता से स्वागत किया। इस अवसर पर श्री जायसवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में संगठन विस्तार को लेकर बेहतर तरीके से अपना संगठन बनाने में जुटी हुई है और प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

# बारिश से किसानों की फसलें खराब, मुआवजे की मांग





**डौंडीलोहारा।** लगातार हो रही बारिश के कारण किसानों की फसलें बुरी तरह से प्रभावित हो रही हैं। मुख्यालय रेंगाडबरी के किसानों ने बताया कि इस बार अतिवृष्टि के चलते खेतों में खड़ी धान की फसलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि बारिश के कारण उनकी फसलें पूरी तरह से खराब हो चुकी हैं, जिसके चलते भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा, उन्होंने शासन से मांग की है कि खेतों का त्वरित सर्वे कराकर उन्हें उचित मुआवजा तथा बीमा राशि प्रदान की जाए। श्यामु तुमरेकी, डोमार सिंह नायक, इन्द्रपाल तुमरेकी, रविशंकर भंडारी, शंकर नायक, शेखर निषाद सहित अन्य किसानों ने बताया कि उनकी धान फसल पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। किसानों ने शासन से शीघ्र राहत एवं मुआवजे की मांग की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्नेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)